## एक नजर में

### क्षत्रिय धनगर समाज का परिचय सम्मेलन कल

इंदौर. . समाज में पारिवारिक मूल्यों और आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ, इंदौर एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है. संघ द्वारा द्वितीय नि:शुल्क भव्य वधु-वर परिचय सम्मेलन 'रेशीम गाठी' का आयोजन 28 दिसम्बर को किया जाएगा. यह सम्मेलन प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाराजा यशवंतराव स्कूल, नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषा नगर एक्सटेंशन, इंदौर में आयोजित होगा. आयोजकों के अनुसार, यह सम्मेलन केवल विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की एकता, पारदर्शिता और आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य को लेकर उठाया गया एक संगठित सामाजिक प्रयास है. सम्मेलन को समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सुलभ बनाने के उद्देश्य से इसे पूरी तरह नि:शुल्क रखा गया है. आयोजन के माध्यम से आधुनिक, संस्कारी और पढ़े-लिखे युवक-युवतियों को सुव्यवस्थित परिचय मंच उपलब्ध कराया जाएगा. सम्मेलन के अंतर्गत वर-वधु परिचय पुस्तिका भी प्रकाशित की जाएगी, जो आधुनिक और सुव्यवस्थित स्वरूप में तैयार होगी. संघ की अध्यक्ष सौ. अलका होलकर ने कहा कि यह सम्मेलन समाज की परंपराओं और मूल्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास है और हर परिवार को इससे जोड़ना उनका उद्देश्य है. वहीं आयोजन के संयोजक प्रकाश मारुतीराव सरोदे ने बताया कि पूरे आयोजन को पारदर्शिता और सामाजिक भावना के साथ संपन्न किया जाएगा, ताकि युवक-युवतियों और उनके परिवारों को एक सम्मानजनक मंच मिल सके.

### माता-पिता के आशीर्वाद से ऊंचाइयां छू सकते हैं



इंदौर. माता पिता को प्रणाम करने से आयु, विद्या,यश, एवं बल की वृद्धि का आशीर्वाद मिलता है. इसलिए प्रत्येक दिन संतानों को अपने माता-पिता को प्रणाम करना चाहिए. साथ ही अपने गुरुजनों को प्रणाम करना चाहिए l माता पिता की सतत सेवा करते रहना चाहिए. माता-पिता के आशीर्वाद से ही संतान सबसे बड़ी ऊंचाइयों को छू लेता है. उक्त विचार अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय रामद्वारा बड़ौदा के अधिष्ठाता संत रामप्रसाद महाराज ने सालवी परिवार के द्वारा आयोजित राजपूत बगीची छतरी बाग में शिव महापुराण की कथा के पांचवे दिन शिव भक्तों को संबोधित करते हुए कहे. आज की कथा में सर्वप्रथम व्यासपीठ का पूजन सालवी परिवार के द्वारा किया गया व कथा के पश्चात आरती हुई एवं प्रसाद वितरण किया गया. शिव महापुराण की कथा का श्रवण करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है. लोग बहुत भाव से कथा का श्रवण करके आनंद प्राप्त कर रहे हैं. इस अवसर पर देवेंद्र मुछाल, विश्वनाथ सालवी, ओमप्रकाश सालवी, रमेश सालवी, राजेंद्र असावा आदि उपस्थित थे.

### आर्किटेक्ट रुचिर को किया सम्मानित



इंदौर. प्रकृति संरक्षण की सोच पर आधारित मन मथ प्रोजेक्ट के लिए शहर के ख्यात आर्किटेक्ट रुचिर तिवारी को दिल्ली में जेके आर्किटेक्ट ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया. यह होटल प्रोजेक्ट उदयपुर की अरावली पहाड़ियों में स्थित है, जहां पत्थर और चूने जैसी पारंपरिक भवन सामग्री का उपयोग कर प्राकृतिक रूप से ठंडा और पर्यावरण के अनुकूल ढांचा तैयार किया गया है. इस प्रोजेक्ट के लिए रुचिर तिवारी को जे के सीमेंट द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिज़ाइन प्रतियोगिता में चयनित किया गया. दिल्ली के ताज होटल में आयोजित सम्मान समारोह में भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने रुचिर को सम्मानित किया. उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में विश्वभर के आर्किटेक्ट शामिल हुए थे और इसमें 100 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुईं थीं.

### स्मृति कल्प को मिला सम्मान



इंदौर. नर्मदा किनारे पर्यावरण संरक्षण और व्यापक पौधारोपण कार्यक्रमों के लिए स्मृति कल्प संस्था, सनावद-ओंकारेश्वर को इस वर्ष का सेवा सम्मान प्रदान किया गया. यह सम्मान स्मृति कल्प संस्था के प्रमुख रामप्रकाश मोरानिया, डॉ. जितेन्द्र पाटीदार एवं उनके सहयोगियों को दिया गया. इस अवसर पर अलायन्स इंटरनेशनल के इंटरनेशनल एडवाइज़र डॉ. राजेश अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सेवा सम्मान स्वर्गीय भेरूलाल अग्रवाल बोहेड़ा वालों की स्मृति में उनके पुत्र बाबूलाल अग्रवाल दरबारी एवं पौत्र सुनील, अनिल व सतीश के सौजन्य से प्रदान किया जाता है. सम्मान नगद राशि एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया. डॉ. अग्रवाल ने बताया कि यह सम्मान उन व्यक्तियों व संस्थाओं को दिया जाता है, जो निस्वार्थ भाव से परमार्थ में संलग्न रहकर देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं. उल्लेखनीय है कि पूर्व में यह सेवा सम्मान पर पीड़ा हर सहायता संस्था, विसर्जन आश्रम के संस्थापक किशोर गुप्ता, भारत की बेटी फाउंडेशन की सुरभि गुप्ता, मुस्कान ग्रुप तथा सेवा भारती संस्था को प्रदान किया जा चुका है. यह पांचवां सेवा सम्मान है.

### अतिरिक्त महाधिवक्ता सेठी को जैन समाज ने दी बधाई



इंदौर. दिगंबर जैन समाज इंदौर के प्रतिष्ठित सेठी परिवार के सुपुत्र अधिवक्ता राहुल सेठी को सरकार के विधि एवं विधाई विभाग ने हाई कोर्ट में सरकार की ओर से पैरवी करने के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता मनोनीत किया है. आप संगम नगर निवासी सीनियर एडवोकेट अशोक सेठी के सुपुत्र है. उनके इस मनोनयन पर दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद इंदौर के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी, प्रचार प्रमुख सतीश जैन, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, महावीर ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित कासलीवाल, समाज श्रेष्ठी एम के जैन, पुष्पा कासलीवाल, सुशील पांड्या, राकेश विनायका आदि ने इस गौरवमयी मनोनयन पर बधाई दी. उक्त जानकारी दिगंबर जैन समाज, सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने दी.

### वर्मा अध्यक्ष मनोनीत



इंदौर. समाज में लगनशीलता, सक्रियता और जागरुकता से प्रेरित होकर प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति द्वारा इन्दौर का समाजसेवी गणेश वर्मा को मनोनीत किया गया है. समिति के नए अध्यक्ष गणेश वर्मा आम उपभोक्ताओं के हित और अधिकार के प्रति समर्पण भावना से न केवल सक्रिय रहेंगे, वरन शासकीय व अर्द्धशासकीय सहित प्रायवेट स्तर पर होने वाले भ्रष्टाचार के खिलाफ सशक्त आवाज बनकर उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन भी करेंगे. उक्त जानकारी समाजसेवी मदन परमालिया ने दी.

### आदर्श विद्या भवन व स्मार्ट किड्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव 30 को

इंदौर. समाजवादी इंदिरा नगर, महू नाका स्थित आदर्श विद्या भवन एवं आदर्श स्मार्ट किड्स एकेडमी का संयुक्त वार्षिकोत्सव 卐प्रकाशम卐 मंगलवार 30 दिसम्बर को शाम 4 .30 बजे धार रोड, लाबरिया भेरू चौराहा स्थित बालकृष्ण बाग पर मनाया जाएगा। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुशील चोपड़ा, संचालक राजेंद्र सोनी एवं आदर्श स्मार्ट किड्स एकेडमी की प्राचार्य राधिका सोनी तथा आदर्श विद्या भवन के प्राचार्य सूरज सोनी ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी सरदार प्रीतम सिंह लूथरा एवं पार्षद हरप्रीत लूथरा के आतिथ्य में इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी और प्रावीण्यता प्राप्त करने वाले प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा.

# डेली कॉलेज बिजली कार्यालय पर कांग्रेस का प्रदर्शन

- बिजली बिल और कटौती की समस्या का त्वरित निराकरण हो - चौकसे
- स्मार्ट मीटर के नाम पर धोखाधड़ी बंद करने की चेतावनी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के डेली कॉलेज कार्यालय पर आज कांग्रेस ने विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया. कांग्रेस ने जनता पर स्मार्ट मीटर जबरन लगाने, ज्यादा बिल आने की समस्या हल करने के लिए ज्ञापन सौंपा.**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की. इस मौके पर शहर अध्यक्ष चौकसे ने कहा कि बिजली कंपनी के द्वारा जबरन नागरिकों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम किया जा रहा है. यह कोई आवश्यक नहीं है. बिजली कंपनी के द्वारा धमकी देकर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जनता को मजबूर किया जा रहा है. जो लोग स्मार्ट मीटर लगाने से इनकार कर देते हैं उनके बिजली चोरी के झूठे मुकदमे बनाए जा रहे हैं. चौकसे ने एक अन्य मुद्दे को उठाते हुए कहा कि आम व्यक्ति जितनी बिजली नहीं जलाता है उससे ज्यादा का उसे बिजली का बिल आ जाता है. आमजन बिजली के बिल से परेशान है. बिजली बिल ज्यादा आने की या मीटर की रीडिंग ज्यादा आने की शिकायत का त्वरित निराकरण किया जाए. इस मौके पर कांग्रेस नेता मुकेश यादव, संजय बाकलीवाल, शैलू सेन,योगेन्द्र मौर्य, गिरीश जोशी, विवेक खंडेवाल, राहूल धकडे, पुखराज राठौड़, मुकेश ठाकुर, प्रहलाद महावर, रविकांत मिश्रा, दिनेश कुशवाह, रमेश घाटे, शैख अलीम, सुदामा चोधरी, शैलेश गर्ग,दीपू यादव, ठाकुर जितेन्द्र सिंह ठाकुर मौजूद थे। उक्त प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव द्वारा

### प्रबंध संचालक को सौंपा ज्ञापन

प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने बिजली कंपनी के प्रबंध संचालक के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, राजेश चौकसे,पार्षद राजू भदोरिया, कांग्रेस नेता अमन बजाज, राजा चौकसे, संजय बाकलीवाल ने दिया। ज्ञापन का वाचन पूर्व पार्षद रायमुनि भगत ने किया.

# आर्मी क्षेत्र में बम फटा 15 वर्षीय बालक की मौत

- भेड़ चराने गया था बालक, एक दर्जन भेड़ें भी मरीं

**इंदौर/महू.** सिमरोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली आर्मी रेंज में एक जिंदा बम फटने से 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई. भेड़ चराने गए किशोर के साथ इस घटना में लगभग एक दर्जन भेड़ की भी मौके पर ही मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार, महू के बडगोंदा क्षेत्र का निवासी राहुल अपनी भेड़ें चराने आर्मी रेंज के पास जंगल में गया था. चराते समय उसकी कुछ भेड़ें सैन्य क्षेत्र की सीमा के भीतर चली गई. राहुल अपनी भेड़ों को वापस लाने के लिए आर्मी रेंज के प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गया. इसी दौरान वहां पड़ा एक जिंदा बम अचानक फट गया, जिसकी चपेट में आने से राहुल और लगभग एक दर्जन भेड़ की मृत्यु हो गई. धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और सैन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे. सूचना मिलने पर सिमरोल पुलिस भी तत्काल मौके पर पहुंची. एडिशनल डीसीपी रूपेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. सेना के अधिकारियों को भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है, क्योंकि यह क्षेत्र सैन्य अभ्यास के लिए उपयोग किया जाता है. उन्होंने बताया कि बच्चे का परिवार राजस्थान के पाली का रहने वाला है, वर्तमान में यह परिवार पीथमपुर में डेरे में रहता है. मामले की जांच की जा रही है. वहीं क्षेत्र के लोगों ने सैन्य सीमा के पास सुरक्षा और चेतावनी बोर्ड को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके.

# थप्पड़ का बदला बना हत्या की वजह



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मामूली विवाद में मारे गए थप्पड़ों का बदला लेने की नीयत ने एक युवक की जान ले ली. आजाद नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर युवक और उसके दोस्त पर चाकू से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उसका साथी बाल-बाल बच गया. घटना के कुछ ही घंटों बाद शहर के एक अन्य थाना क्षेत्र में पति ने पत्नी की हत्या कर दी. एक ही रात में हुई दो हत्याओं से शहर में सनसनी फैल गई.

पुलिस के अनुसार मृतक 23 वर्षीय नीरज गंगाडे, निवासी देवास, इंदौर के नौरंग नगर क्षेत्र में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था. तीन दिन पहले आजाद नगर क्षेत्र में कलाली के पास उसका एक नाबालिग से विवाद हो था. उस दौरान नीरज ने नाबालिग को थप्पड़ मार दिए थे. तभी से नाबालिग बदला लेने की फिराक में था और अपने पास चाकू लेकर घूम रहा था. गुरुवार रात नाबालिग अपने दो साथियों कुम्मा और राज के साथ एसआर पेट्रोल पंप के पास जा रहा था. इसी दौरान सामने से नीरज अपने दोस्त रिवेश बघेल के साथ मिल गया. आमना-सामना होते ही पहले कहासुनी हुई और फिर नाबालिग ने चाकू से हमला कर दिया. हमले में रिवेश को मामूली चोट आई, जबकि नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया. दोस्तों ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के मुताबिक घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नाबालिग को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया. उसके पास से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है. नाबालिग ने पूछताछ में अपने फरार साथियों के नाम बताए हैं, जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है.

# न्यू ईयर से पहले पुलिस की सख्ती : शटर बंद कर चकमा देने की कोशिश नाकाम

- नियम तोड़ने वाले पब और क्लब पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई




नव भारत न्यूज

**इंदौर. नए साल से पहले शहर में पब और क्लबों की मनमानी पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. विजयनगर इलाके में नियमों का उल्लंघन कर संचालित हो रहे एक क्लब पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज की है. जांच के दौरान क्लब संचालक ने पुलिस को चकमा देने के लिए बाहरी शटर पर ताला लगा दिया, लेकिन पहले से निगरानी कर रही पुलिस ने निर्धारित समय बाद क्लब खुलवाकर सच्चाई सामने ला दी.**

देर रात जब पुलिस टीम आरके क्लब की जांच के लिए पहुंची तो पुलिस को देखते ही संचालक ने नियमों के खिलाफ बाहरी शटर पर ताला लगा दिया और क्लब बंद होने की बात कही. हालांकि पुलिस पहले से ही गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी. तय समय के बाद क्लब खुलवाकर जब अंदर जांच की गई तो नियमों का उल्लंघन पाया. इस पर पुलिस ने क्लब संचालक मिथलेश कुमार और मैनेजर अमित कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रतिबंधात्मक धाराओं में कड़ी कार्रवाई की है. न्यू ईयर को लेकर शहर में लगातार चेकिंग जारी रहेगी.

### न्यू ईयर को लेकर यह दिए गए हैं निर्देश

पुलिस उपायुक्त जोन 2 कुमार प्रतीक ने बताया कि पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने न्यू ईयर पार्टियों को देखते हुए सभी क्लब, पब और बार संचालकों को सुप्रीम कोर्ट, कलेक्टर कार्यालय और पुलिस कमिश्नरेट द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार संचालन करने के निर्देश दिए थे, साथ ही साफ कहा था कि समझाइश के बाद भी नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह और एसीपी विजयनगर राजकुमार सराफ के निर्देश पर थाना प्रभारी विजयनगर चंद्रकांत पटेल को अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाने के आदेश पर थाना क्षेत्र के लगातार क्लब, पब और रेस्टोरेंट का निरीक्षण कर संचालकों को नियमों की जानकारी दे रही थी. इसमें ज्वलनशील पदार्थों के खुले उपयोग पर रोक, आगंतुकों की जांच, अवैध व धारदार हथियारों पर प्रतिबंध, अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था और कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन जैसे निर्देश शामिल थे.

# दूध व्यापारी लूट कांड का खुलासा : ड्राइवर, हेल्पर निकले मास्टरमाइंड

- जंगल में छिपे दो फरार भी दबोचे, अब तक 6 आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर.** मानपुर क्षेत्र के ग्राम खेड़ीसिहोद में दूध व्यापारी के साथ हुई करीब दो लाख की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है. चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि वारदात किसी बाहरी गैंग ने नहीं, बल्कि फरियादी के ड्राइवर और हेल्पर ने ही अपने साथियों के साथ मिलकर कराई थी. मामले में अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें दो लंबे समय से फरार आरोपी भी शामिल हैं.

थाना प्रभारी लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि फरियादी कमल सिंह रघुवंशी ग्राम खेड़ीसिहोद में दूध डेयरी संचालित करता है. 19 नवंबर की रात वह अपने ड्राइवर आवेश खान और हेल्पर समीर शाह के साथ दूध विक्रय की राशि लेकर इंदौर से वापस लौट रहा था. रात करीब 8.30 बजे पच्चीसा खेत मोड़ के पास चार बदमाशों ने पिकअप वाहन रोककर चाकू की नोंक पर करीब दो लाख रुपए लूट लिए थे. जांच के दौरान पुलिस को ड्राइवर और हेल्पर की भूमिका संदिग्ध लगी. सख्ती से पूछताछ में दोनों टूटे और कबूल किया कि उन्होंने अपने साथी विनय डावर, संजय चंदेल, भूरा उर्फ भरत चौहान और राजू उर्फ रामलाल भाभर के साथ मिलकर पूरी लूट की साजिश रची थी.

पुलिस पहले ही चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे नकदी, चाकू, बाइक और वाहन की चाबी जब्त कर चुकी थी. घटना के बाद से फरार चल रहे भूरा उर्फ भरत और राजू उर्फ रामलाल जंगल पहाड़ी इलाके में झोपड़ी बनाकर छिपे थे. देर रात पुलिस ने भेष बदलकर दबिश दी और दोनों को पकड़ लिया. रिमांड के दौरान इनके पास से 30,240 रुपए नकद, एक चाकू और मोबाइल जब्त किया. सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं.

# आयुष्मान योजना : पात्र मरीज से भी सीएचएल अस्पताल ने पैसे जमा कराए

- स्वास्थ्य विभाग ने कसा शिकंजा, जारी किया नोटिस

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आयुष्मान भारत योजना के नियमों की अनदेखी का मामला सामने आने के बाद एलआईजी क्षेत्र स्थित केयर सीएचएच हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कस दिया है. आरोप है कि योजना के तहत पात्र होने के बावजूद 76 वर्षीय बुजुर्ग मरीज से इलाज के नाम पर राशि जमा करवाई गई.**

सीएमएचओ माधव हसानी ने बताया कि न्यू देवास रोड, मालवा मिल निवासी 76 वर्षीय मरीज आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क उपचार का पात्र था. इसके बावजूद अस्पताल प्रबंधन द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी का इलाज संबंधी इस्टीमेट बनाकर मरीज के माध्यम से राशि जमा करवाई गई. मामले की शिकायत सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इसकी जांच की. जांच में प्रथम दृष्टया आयुष्मान भारत योजना के नियमों की अवहेलना पाए जाने पर केयर सीएचएच हॉस्पिटल के संचालक और प्रबंधक को नोटिस जारी किया है. नोटिस में तीन कार्य दिवस के भीतर पूरे मामले में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं. इतना ही नहीं, पूरे प्रकरण की जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम योजना भोपाल को भी भेजी गई है, ताकि योजना के नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जा सके.



# विद्यार्थियों की प्रतिभा ने बिखेरे रंग

- द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल इंदौर कैंपस-2 के वार्षिकोत्सव का आयोजन

**इंदौर. द वेदांश इंटरनेशनल स्कूल के कैंपस-2 में वार्षिक उत्सव सृजन 2025-26 का आयोजन किया गया. यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम रहा, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास और संस्कारों का सशक्त मंच भी सिद्ध हुआ.**

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रिजवाना कौसर, बीएसएफ कमांडेंट कुलदीप सिंह वर्मा, वेदांश ग्रुप के चेयरमैन नंदकिशोर जैन, एरेन ग्रुप के चेयरमैन अशोक जी, वेदांश कैंपस-2 के डायरेक्टर अंशुल जैन, कोपल जैन, कैंपस-1 की डायरेक्टर रूपल तरुण जैन, अभिषेक झा, प्राचार्या रेनू गुरनानी सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, प्रेरक नाट्य, देशभक्ति गीतों और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने कहा कि अनुशासन, नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का समन्वय ही विद्यार्थी को एक श्रेष्ठ नागरिक बनाता है. उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, निरंतर परिश्रम करने, सकारात्मक सोच अपनाने और विपरीत परिस्थितियों में भी हार न मानने के लिए प्रेरित किया. विद्यालय की प्राचार्या रेनू गुरनानी ने अतिथियों का स्वागत किया.

# डेढ़ लाख रुपए की एमडी ड्रग्स के साथ आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर.** शहर में नशे के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच इंदौर ने अवैध मादक पदार्थ एमडी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 15.03 ग्राम एमडी जब्त की गई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपए बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है.

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश कर रही थी. इस दौरान डीआरपी लाइन शांति पथ रोड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास एक व्यक्ति सड़क किनारे खड़ा मिला, जो पुलिस को देखकर घबरा. उसकी गतिविधियां संदिग्ध होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोका. पूछताछ में उसने अपना नाम आमिल हुसैन निवासी छोटी ग्वालटोली, इंदौर बताया. पुलिस ने विधिवत तलाशी ली तो उसके पास से 15.03 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी बरामद हुआ. मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

## एक नजर में

उधम सिंह क्रांति सेना का 'आह्वान उधम का' कार्यक्रम

# शहीद उधम सिंह का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत

**इंदौर.** उधम सिंह क्रांति सेना के तत्वावधान में शहीद उधम सिंह की स्मृति एवं उनके विचारों को समर्पित सामाजिक कार्यक्रम आह्वान ऊधम का माई मंगेशकर सभागार में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही.

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद उधम सिंह जी के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के प्रदर्शन से हुई. मुख्य वक्ता रुपसिंह नागर ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया, लेकिन वह कार्य अभी अधूरा है. शाहिद उधम सिंह क्रांति सेना उसी कार्य को पूर्ण करने के कार्य में लगी है. मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार भार्गव उपस्थित रहे. उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह का जीवन अन्याय के विरुद्ध संघर्ष, साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है. विशेष अतिथियों के रूप में डॉ. विष्णु प्रसाद मालवीय एवं संतोष सिसोदिया ने रविदास समाज में एकता,और युवाओं की भूमिकाओ पर अपने विचार व्यक्त किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश अग्निहोत्री ने की. उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं.



### प्रतिभाओं को किया सम्मानित

उधम सिंह क्रांति सेना के संस्थापक जीतू झालरिया जी ने कहा उधम सिंह क्रांति सेना, समाज में समरसता के भाव और वंचितों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए प्रारम्भ हुई है, उधम सिंह क्रांति सेना जिस पुनीत लक्ष्य को लेकर चली है वह अवश्य ही पूर्ण होगा. इस अवसर पर समाज सेवा, शिक्षा, खेल, कला एवं अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विभूतियों को समाज रत्न सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के दौरान उधम सिंह क्रांति सेना की संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी तथा विभिन्न दायित्वों की घोषणा भी की गई. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रेखा गोयल ने किया. आभार देवी लाल जाटव ने माना.